# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ........../2022

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क (विलम्ब शुल्क के साथ) जमा करने हेतु दिनांक 20.10.2022 तक अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत छात्र/छात्रा का समिति के वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 15.10.2022 तक अवधि विस्तारित किया गया था।

2. विभिन्न सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी भी कई शिक्षण संस्थानों के प्रधान द्वारा छात्र/छात्रा का परीक्षा आवेदन नहीं भरे जाने की सूचना समिति को प्राप्त हो रही है। अतः छात्रहित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क **(विलम्ब शुल्क के साथ)** जमा करने हेतु **दिनांक 20.10.2022** तक अवधि विस्तार किया जाता है। शेष अन्य शर्तें पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 165/2022 के अनुसार यथावत रहेगी। विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित कुल शुल्क विवरण निम्नवत है:–

| कोटि | मद | निर्धारित शुल्क | |
|---|---|---|---|
| | | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क के साथ |
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथमबार आवेदन भरेंगे) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 1400/– मात्र | **रू0 1550 मात्र** |
| समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रु0 1740/– मात्र | **रू0 1890 मात्र** |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 1800/– मात्र | **रू0 1950 मात्र** |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 2140/– मात्र | **रू0 2290 मात्र** |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 1460/– मात्र | **रू0 1610 मात्र** (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 1060/– मात्र | **रू0 1210 मात्र** (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) |
| इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में (कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में) सम्मिलित होने के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 930/– मात्र | **रू0 1080 मात्र** (i) चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है (ii) परीक्षा शुल्क का मात्र 50: (प्रतिशत) ही देय है। |

**नोट :–** इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

**3.** इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि पूर्व में दिये गये अवसरों के बावजूद यदि किसी छात्र/छात्रा के जारी मूल सूचीकरण कार्ड में अंकित उनके नाम, माता/पिता के नाम में स्पेलिंग

(ie. A,E,K,M etc), फोटो, जन्म तिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय, परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) से संबंधित त्रुटि रह गई हो, तो प्रथमतः इसमें संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन सुधार किया जाएगा। तत्पश्चात् संशोधित सूचीकरण विवरणी के आधार पर परीक्षा आवेदन भरने की कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि छात्र/छात्रा के नाम, माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि त्रुटि संशोधन के क्रम में किसी छात्र/छात्रा का पूर्ण पहचान बदल दिया गया है, तो उनका सूचीकरण रद्द किया जा सकता है तथा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

4. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र/छात्रा जिनका सूचीकरण/परीक्षा आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाइन भरा गया है/भरा जाएगा तथा चालान नहीं निकल पाने अथवा अन्य किसी कारणवश दिनांक 15.10.2022 तक शुल्क जमा नहीं हो पाया हो, तो शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक 20.10.2022 तक** शुल्क जमा कर सकते हैं। अन्यथा वैसे छात्र/छात्रा, जिनका शुल्क समिति में जमा नहीं रहेगा, उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं भी किया जा सकता है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

5. **यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जाएगा। जिन +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों की मान्यता/सम्बद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे +2 विद्यालयों/महाविद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जाएगा।**

6. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

ह0 15.10.22

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/KEN/---1041---/2022 पटना, दिनांक : 15/10..../2022

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, केल्ट्रॉन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि निर्धारित समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
3. सभी उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. शाखा प्रबंधक, Axis Bank, Patliputra Colony Branch, पटना एवं शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति शाखा, बुद्धमार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. उप निदेशक, आई०टी०/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु, इसे समिति के **B.S.E.B. Mobile App** पर डाल दिया जाए।
7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 15.10.22

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15.10.2022 17/10/22